# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.04.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

.....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025 को भी स्वीकृति दे दी है।

.....

प्रदेश में बसों का न्यूनतम किराया 5 रूपये से बढ़ाकर से 10 रूपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया है। सरकार ने एच.आर.टी.सी. के घाटे और निजी बस ऑपरेटरों की मांग का हवाला देते हुए ये बस किराया बढ़ाया है। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए जिसमें कैबिनेट ने देश की बड़ी विद्युत कंपनी सतलुज जल विद्युत निगम से चार जल विद्युत परियोजनाओं के अधिग्रहण को भी मंजूरी प्रदान की। बैठक में इलैक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में विभिन्न सरकारी परिसरों में 402 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

.....

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दुगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि किराए में वृद्धि करने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बोझ पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

.....

आज देश सहित प्रदेशभर में रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई जा रही है। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है। रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती है। रामनवमी से पूर्व नौ दिन का उपवास रखा जाता है। चैत्र नवरात्र के आखिरी और नौंवे दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इसी बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ मानवता की सेवा का संदेश देता है।

.....

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीपकमल में स्वच्छता अभियान और झंडा फहराया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

आज समाचार पत्रों ने कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण और पंजाब केसरी के लगभग एक जैसी सुर्खी है–कर्मचारियों को राहत, सवारियों को आफत–हिमाचल में दोगुना हुआ न्यूनतम बस किराया, अब चुकाने होंगे 10 रूपये।

अनुबंध काल में कर्मियों को वेतन वृद्धि देने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–शीर्ष अदालत ने प्रतिवादियों को जारी किया नोटिस, चार सप्ताह में मांगा जवाब।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– 5 सौ एम.एल. प्लास्टिक बोतलें होंगी बंद–पर्यावरण संरक्षण के लिए सुक्खू सरकार का बड़ा कदम।